आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल की गई बिहार की परियोजनाएं

3487. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल की गई बिहार की सिंचाई परियोजनाओं के नाम क्या हैं और विभिन्न परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा कितनी धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी; और

(ख) केन्द्रीय सरकार ने बिहार को वर्तमान वित्तीय वर्ष में कौन-कौन सी परियोजनाओं के लिए कितनी-कितनी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. के. थुंगन) : (क) और (ख) विवरण संलग्न है ।

(क) और (ख)

आठवीं पंचवर्षीय परियोजना 1992-97 में शामिल की गई बिहार की वृहद और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का ब्यौरा

(करोड़ रुपए में)

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	योजना आयोग द्वारा अनुमोदित आठवीं योजना परिव्यय
1	2	3
1.	निर्माणाधीन परियोजनाएं	
	क–वृहद् परियोजनाएं	
1.	सुबर्नरेखा बहु-प्रयोजनी परियोजना	335.00
2.	बागमती परियोजना	10.00
3.	पश्चिमी कोसी नहर (भारत का हिस्सा)	160.50
4.	उत्तरी कोइल जलाशय	132.18
5.	दुर्गावती जलाशय परियोजना	76.00
6.	बरनार जलाशय परियोजना	20.00
7.	कोनार दिकपरिवर्तन	30.26
8.	तिलैया दिक् परिवर्तन	13.00
9.	बटेश्वर स्थान पम्प फेज-I	15.00
10.	बाणसागर बांध हिस्सा	57.00
11.	सिकतिया पर अजय बराज	68.27
12.	गंडक फेज-II	35.00
13.	कोसी पूर्वी नहर फेज-II	32.13
14.	औरंगा जलाशय	20.00
15.	पुनासी जलाशय	30.00

2	3
ख. आधुनिकीकरण परियोजना	
16. कदवन और जमानिया सहित सोन आधुनिकीकरण	344.90
17. पूर्ण हो गयी स्कीमों का आधुनिकीकरण	6.00
ग. मध्यम स्कीमें :	
18. तकरा नाला पम्प फेज-I	35.38
19. बोरनी जलाशय	5.34
20. बिलासी जलाशय	4.79
21. बटेश्वरस्थान पम्प फेज-II	9.65
22. बतने जलाशय	6.07
23. मुमानी बराज	35.45
24. हीरई जलाशय	29.43
25. कंस जलाशय	9.46
26. झरझारा जलाशय	22.54
27. सकरौगली पम्प नहर	0.68
28. सिंधवरनी जलाशय	16.43
29. सोनुआ जलाशय	16.89
30. सुरू जलाशय	11.58
31. लटरातू जलाशय	5.06
32. तकरानाला पम्प फेज-II	6.55
33. भैरवा जलाशय	16.00
34. केसो जलाशय	12.62
35. सलैया जलाशय	0.25
36. पंचखेरी जलाशय	10.63
37. नकाटी जलाशय	5.87
38. सुरंगी जलाशय	7.83
39. सतपोतका जलाशय	15.95
40. कंसजोरे जलाशय	7.89
41. रामरेखा जलाशय	16.88
42. अपर मंख जलाशय	18.58
43. धनसिंह टोली जलाशय	5.59
44. बस्की सिंचाई तथा जल आपूर्ति	0.50
45. कतरी जलाशय	10.86
46. भलाई सिंचाई	0.50

1	2	3
	देयताएं	
47.	अपर किथुन जलाशय सहित पूरी हो गयी परियोजनाओं की देयताएं	28.68
48.	आठवीं योजना की नयी स्कीमें	20.00
49.	अन्य क्षेत्र	8.00
50.	जनजातीय उपयोजना	2.00
	जल विकास	
51.	राष्ट्रीय जल प्रबन्ध सहित उन्नत जल प्रबन्ध	25.00
52.	बांध सुरक्षा सहित विद्यमान सिंचाई प्रणाली की मरम्मत	50.00
53.	विद्यमान सिंचाई प्रणाली की विशेष मरम्मत	8.00
54.	जल विकास सर्विस	40.00
55.	बाद में किया जाने वाला मूल्यांकन	5.00
	कुल	1927.17

टिप्पणी :—विद्यमान वित्तीय वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा उपर्युक्त किसी भी योजना को कोई विशेष केन्द्रीय सहायता प्रदान नहीं की गयी है ।

देश में जल संसाधनों से उत्पादित विद्युत

3488. **श्री गया सिंह** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उपलब्ध जल संसाधनों से अब तक कितने प्रतिशत विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है;

(ख) सभी उपलब्ध जल संसाधनों से कितनी ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है;

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है; और

(घ) बिहार के लिये इस संबंध में क्या योजना तैयार की गई है और उसके तहत कितने प्रतिशत ऊर्जा का उत्पादन किया जाना है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्यमंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री पी के थुंगन : (क) से (ग) देश की जल-विद्युत क्षमता का आकलन वृहद एवं मध्यम जल विद्युत स्कीमों से 60 प्रतिशत लोड फैक्टर पर 84044 मेगावाट किया गया है जिनमें से 14.5 प्र. का उत्पादन विद्यमान जल विद्युत स्कीमों से किया जा रहा है। स्वीकृत एवं निर्माणाधीन जल विद्युत स्कीमें अनुमानित क्षमता का 7.16 प्र. का और उपयोग करेंगी। जल विद्युत क्षमता के उपयोग में वृद्धि करने पर विचार करने के लिए, राष्ट्रीय विकास परिषद के आग्रह पर एक सचिव स्तरीय दल का गठन किया गया है।

(घ) बिहार की जल विद्युत क्षमता का अनुमान 60 प्रतिशत लोड फैक्टर पर 538 मेगावाट लगाया गया है, जिसमें बिहार में पड़ने वाले दामोदर घाटी निगम की क्षमता भी शामिल है। 300.6 मेगावाट की कुल प्रतिष्ठापित क्षमता वाली 6 जल